श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 98 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 17 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## चित्तौड़गढ़ में मिली 8 माह से लापता नाबालिग

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत करीब 08 माह से लापता नाबालिग को पुलिस ने राजस्थान के चित्तौड्गढ से दस्तयाब किया है। मल्हारगढ पुलिस ने बताया कि 24 जून 2023 को मल्हारगढ निवासी फरियादी द्वारा इस आशय की सूचना दी थी कि उसकी नाबालिग लड़की 08 दिन से लापता है। जिस पर से थाना मल्हारगढ़ पर पुलिस ने केस दर्ज किया। प्रकरण चार माह से अधिक होने के कारण मामले की विवेचना अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मल्हारगढ़ नरेन्द्र सोलंकी द्वारा की जा रही थी। अनुसंधान में अपहृत नाबालिग की पतारसी हेतु थाना प्रभारी मल्हारगढ निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पवार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर अपहता के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। साथ ही तकनीकी साक्ष्य एकत्रण सायबर सेल मंदसौर द्वारा किया गया। अनुसंधान में आये तथ्यों एवं तकनीकी जानकारियों के आधार पर नाबालिग बालिका को राजस्थान के चित्तौड़गढ जिले के ग्राम सूरजपुरा से दस्तयाब किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# नकल पर सख्ती : दो से ज्यादा विषय में पकड़ाए विद्यार्थी तो परीक्षा निरस्त

## केंद्र पर दादागिरी की तो एफआईआर, आगे भी नहीं दे पाएंगा परीक्षा



**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा में हर साल नकल के 200 से ज्यादा मामले बनते हैं। इस बार मंडल नकल रोकने के लिए और सख्ती से कदम उठाएगा। अगर परीक्षा कक्ष में छात्र नकल, केंद्राध्यक्ष से दुर्व्यवहार, मारपीट करता है और एफआईआर हुई तो वह पूरी परीक्षा से ही वंचित कर दिया जाएगा। आगे भी बोर्ड परीक्षा नहीं दे सकेगा।

### नकल की तो यह होगी कार्रवाई...

किसी परीक्षार्थी पर एक विषय में नकल प्रकरण बनने पर या अगर उसने उद्दंडता भी की हो तो केवल उस विषय की परीक्षा निरस्त होगी। उस विषय में कैंसिल अंकित कर रिजल्ट घोषित किया जाएगा। उसका मूल्यांकन भी नहीं होगा। अगर छात्र एक से अधिक विषय में नकल करते पकड़ाता है, तो उसकी संपूर्ण विषयों की परीक्षा और रिजल्ट निरस्त होगा। नकल प्रकरण प्राप्त होने पर किसी भी दशा में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं होगा। किसी परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल प्रमाणित होने पर संपूर्ण विषयों की परीक्षा और रिजल्ट निरस्त होगा। केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक या परीक्षा कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने या सामूहिक नकल में सहयोग करते हुए पाए जाने पर उन्हें मंडल के परीक्षा कार्यों से आगामी पांच साल तक के लिए वंचित किया जाएगा।

### सामूहिक नकल पर निरस्त होगा रिजल्ट...

मूल्यांकन केंद्र पर उत्तर पुस्तिका की जांच के दौरान परीक्षा केंद्र की कम से कम 10 कॉपियों में हल किए गए एक तिहाई उत्तर, एक ही भाषा शैली में, एक ही तरीके से लिखे गए हों को, सामूहिक नकल की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे छात्रों की अन्य सभी विषयों की कॉपी की जांच भी की जाएगी। सामूहिक नकल पाए जाने पर सभी विषयों का रिजल्ट निरस्त किया जाएगा। यदि एक ही कॉपी में एक से अधिक हैंडराइटिंग पाए जाने पर भी ऐसा ही किया जाएगा।

### फ्लाइंग स्क्वॉड करेंगे निरीक्षण...

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केबी त्रिपाठी ने कहा कि बोर्ड की परीक्षा छात्र की वास्तविक बौद्धिक क्षमता की परीक्षा होती है। यह प्रतियोगी परीक्षाओं जैसी गलाकाट प्रतिस्पर्धा नहीं है। सामान्य प्रश्न पूछे जाते हैं। जिनके उत्तर देकर छात्र आसानी से पास हो सकते हैं और अच्छे नंबर प्राप्त कर सकते हैं। कामयाब बनना है तो नकल छोड़नी चाहिए। मंडल के 150 से ज्यादा फ्लाइंग स्क्वॉड इस बार परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण करेंगे।

# बैंक से बाहर स्कूटी पर टंगा रुपए से भरा बैग बदमाश ले भागे



**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार दोपहर शहर में सनसनीखेज वारदात हो गई। नगर के मध्य महू नीमच रोड स्थित सेंट्रल बैंक के बाहर से स्कूटी पर टंगे रुपयों से भरी थैली को बाइक सवार दो बदमाश पलक झपकते ही ले भागे। पीड़ित कुछ समझ पाता, उससे पहले ही बदमाश गायब हो गए। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की।

जानकारी के अनुसार ठेकेदार मुकेश संघई के यहां चंद्रोदय अग्रवाल निवासी राम टेकरी काम करता है। वह उनके रूपए लेने के लिए नई आबादी रोड पर स्थित सेंट्रल बैंक आया था। मुनीम चंद्रोदय ने बैंक से दो लाख रूपए निकाले और थैली में रखे। बैंक से बाहर आकर उसने स्कूटी पर लगे हैंगर पर थैला टांग दिया। उसके बाद विपरीत दिशा में खड़ा होकर मुनीम चंद्रोदय मोबाइल पर बात कर रहा था। जब उसने देखा तो दो लाख रूपए से भरा थैला नहीं था। बदमाश ने दो लाख चोरी किए ओर वह पैदल-पैदल कुछ दूर गया। उसके बाद अन्य साथी के साथ बाइक से महाराणा प्रताप बस स्टैंड की ओर फरार हो गया। सूचना पर एसआई और आरक्षक भानुप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने संबंधित व्यक्ति से बात की और बैंक के अंदर जाकर सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। जिसमें सामने आया कि बदमाश कुछ दूर पैदल-पैदल और फिर बाइक से एक अन्य बदमाश के साथ महाराणा प्रताप बस स्टैंड की ओर फरार हो गए। हालांकि, इस घटना में रात 8 बजे तक शहर कोतवाली में कोई कायमी नहीं की गई। पुलिस से पूछा तो कोतवाली पुलिस ने बताया कि जांच चल रहीं है। अभी कायमी नहीं हुई है।

# एक पखवाड़े से बंद मुख्य मार्ग, लोग परेशान



**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। नरसिंहपुरा को शहर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग करीब 1 पखवाड़े से बंद है। इसका कारण नरसिंहपुरा मार्ग पर बनाया जा रहा सीसी रोड । हालांकि, करीब एक पखवाड़े पहले ही निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन यहां काम कछुआ चाल से हुआ। बीच में कुछ समय के लिए रास्ता खोला जरूर था। लेकिन, ट्रैक्टर सहित चार पहिया वाहनों का आवागमन यहां से होने लगा। जिसके कारण फिर से रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे रोड को नुकसान नहीं पहुंचे।**

बता दे कि बीती 20 दिसंबर से सीसी सड़क का काम शुरु हुआ था। पहले तो सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया। करीब छह सात दिन बाद काम शुरु किया गया। अब रास्ता बंद होने के कारण एक बड़ी आबादी की कनेक्टिवीटी शहर से कट गई है। इस पुलिया का उपयोग जहां नरसिंहपुरा क्षेत्र के लोग घर पहुंचने के लिए करते हैं। वहीं रामटेकरी और श्रीजी पार्क सहित अन्य कॉलोनियों में जाने के लिए लोग इसका उपयोग करते हैं। लेकिन अब आमजन को लंबा घुमकर जाना मजबूरी बन गई है।

# रात में ठंड बरकरार, दिन में सर्दी के तेवर ढीले

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जम्मू कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तरी हवा थम गई है। इससे दिन का मौसम बदल गया है। सूरज की रोशनी सीधे आने से दिन में सर्दी के तेवर ढीले पड़ गए। हालांकि, रात की ठंड बरकरार है।**



उत्तर भारत में मंगलवार से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो हुआ। हालांकि, अंचल में दिनभर धूप छाई रही। जिसके चलते ठंड से निजात मिली। हालांकि ठंडी हवाओं का दौर भी जारी रहा। इधर मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई क्षेत्र में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में ठंड का तेज के असर हो सकता है। मंदसौर जिले मे तापमान सामान्य ज्यादा बना हुआ है। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और अधिकतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले 6-7 दिन ऐसा ही मौसम बना रहने का अनुमान है। अंचल में हल्के बादल छाए रहेंगे, ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगा। मौसम जानकारों के अनुसार आज से वेस्टर्न डिस्टर्बेर्स उत्तर भारत मे सक्रिय हो रहा है। इसके एक दो दिन बाद प्रदेश मे भी इसका असर होगा। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से प्रदेश में हल्के बादल छाए रहेंगे। रात के तापमान में गिरावट आ सकती है। बारिश की सम्भावना नहीं है। सिस्टम के गुजर जाने के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। इस दौरान रातें ज्यादा सर्द रहेगी।

## झूठा मुकदमा दर्ज करने के विरोध में...

# कांग्रेसियों ने किया दलौदा थाने का घेराव, नारेबाजी कर चेताया

### विधायक विपीन जैन भी धरने पर बैठे, पुलिस पर लगाए आरोप



**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस कार्यकर्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज करने के विरोध में विधायक विपिन जैन सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को दलौदा थाने का घेराव किया। विधायक सहित कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए थाने के सामने धरने पर बैठ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है की राजनीतिक द्वेष के चलते थाना प्रभारी ने उनके कार्यकर्ता अनिल गुगर के खिलाफ गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया, जो पूरी तरह राजनीतिक द्वेषतावश है।वहीं थाना घेराव की खबर के बाद एसडीओपी कीर्ति बघेल भी मौके पर पहुंची। एसडीओपी ने मामले की दो दिन में निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है। उधर थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार ने बताया की जिसके लिए विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं वह और उसके पिता थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है और दोनों के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज है। गोलू केथवास नाम के युवक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### विधायक बोले-मेरे घर के सामने सट्टा चल रहा...

थाना घेराव के दौरान विधायक विपिन जैन और थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार के बिच नोक झोंक भी हो गई। विधायक जैन ने टीआई को कहा कि मेरे घर के सामने सट्टा चलता है। आपको कई बार अवगत करवाया है, फिर ही कोई करवाई नहीं की। आपके थाना क्षेत्र में एमडी जैसी खतरनाक ड्रग बिक रही है। इस पर टीआई ने उनके थाना क्षेत्र में सट्टा चलने की बात स्वीकारी और कहा की बंद करवाएंगे। हालांकि बाद में टीआई ने कहा कि सट्टे पर हम समय-समय पर करवाई करते रहते हैं, बदमाशों को उठाते भी है।

दलौदा में पुलिस थाना घेराव के मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक विपिन जैन जिसके समर्थन में पहुंचे थे। उस अनिल गुगर के विरुद्ध पूर्व में भी 5 अपराध दर्ज है। हालांकि, पिछले 6-7 सालो से उस पर कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जबकि, सोमवार को दलौदा नगर में निकली अक्षत कलश यात्रा में अनिल कुछ कांग्रेसियो के साथ शामिल हुआ था। जो कुछ लोगों को नागवार गुजरा। आरोप है कि इसीलिए पुलिस पर दबाव बनाकर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। जिससे कि अनिल की जिलाबदर फाईल तैयार की जा सके। बीते विधानसभा चुनाव में अनिल ने खुलकर विधायक विपीन जैन के पक्ष में काम किया था।

# ज्ञानवापी केस में हिंदू पक्ष को राहत, सुको ने शिवलिंग वाली जगह की साफ-सफाई करने की दी इजाजत

**नई दिल्ली, 16 जनवरी।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में वजूखाने की सफाई होगी। इसके लिए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी। यह आदेश अदालत ने हिंदू पक्ष की मांग पर दिया। कहा कि साफ-सफाई का काम जिलाधिकारी की देखरेख में किया जाएगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में मामले की सुनवाई हुई। उन्होंने याचिका पर जल्द सुनवाई का भरोसा जताया था। वजूखाने में मछलियों के मर जाने पर याचिका दाखिल की गई थी।

### भावनाएं आहत होने का किया दावा...

हिंदू पक्ष ने अपनी याचिका में कहा कि वजूखाने की मछलियां मर गई हैं। इस कारण से बदबू आ रही है। वहां मौजूद शिवलिंग हिंदुओं के लिए पवित्र है। याचिका में आगे कहा गया, शिवलिंग को गंदगी से दूर रखना चाहिए। उसकी सफाई होनी चाहिए। अभी वह मरी मछलियों से घिरा है। जिस वजह से भगवान शिवजी को मानने वाले भक्तों की भावनाएं आहत हो रही हैं। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के जरिए यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। याचिका में कहा गया कि अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद के पास वहां पर प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस लिए मछलियों के मारे जाने के लिए वो जिम्मेदार हैं। ऐसे में सफाई के लिए जिलाधिकारी को दिशा निर्देश की मांग की गई।

### 16 मई को मिला था शिवलिंग...

वाराणसी कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी परिसर का 6-7 मई और 14 से 16 मई 2022 को कमिश्नर सर्वे हुआ था। 16 मई को कथित शिवलिंग मिला था। शिवलिंग मिलने पर हिंदू पक्ष के वकील ने अदालत में अर्जी दाखिल कर स्थान को सील करने की मांग की थी। जिस पर सिविल जज सीनियर डिवीजन ने वजूस्थल को सील करने का आदेश दिया था। 17 मई को डीएम ने वजूस्थल को सील कर दिया। साथ ही सीआरपीएफ को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# बलात्कार का आरोपी 14 साल बाद धराया

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बलात्कार के मामले में 14 साल से फरार आरोपी को पिपलिया मंडी पुलिस ने दबोचा है।

पुलिस ने बताया कि थाने पर 2010 में एक बलात्कार का केस दर्ज हुआ। इस मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे तो तीसरा आरोपी भुरू उर्फ रामप्रसाद पिता जयराम यादव निवासी अकबरपुर जिला रेवारी हरियाणा 14 साल से पुलिस को छका रहा था। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मल्हारगढ़ नरेन्द्र सोलंकी द्वारा अपराध की केस डायरी का अवलोकन करने पर अपराधी के संबंध में जानकारी एकत्रित कर थाना प्रभारी पिपलिया मण्डी नीरज सारवान को फरार आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु विशेष टीम बनाकर भेजने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अर्न्तगत उप निरीक्षक बापूसिह बामनिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के निवास पते पर भेजी गई। जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### 16 साल बाद पकड़ाया स्थायी वारंटी...

इधर स्थायी वारंटी ओमप्रकाश उर्फ नानकिया पिता मोनहलाल जाति भील उम्र 35 वर्ष नि. झोपडपट्टी हा.मु. नई आबादी बरखेडा पंथ थाना मल्हारगढ जिला मंदसौर थाना पिपलियामंडी को पुलिस ने 16 साल बाद पकड़ा है।

# मुख्यमंत्री न बनने का दंश कर रहा मामा परिवार को आहत...

**मंदसौर/उज्जैन, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की पूर्व सरकारों में सबसे बड़ा कार्यकाल मुख्यमंत्री की हैसियत से शिवराज सिंह चौहान का रहा है। कभी कड़क, कभी नरम प्रशासनिक दक्षता में औसत से अधिक कभी दर्शा नहीं पाए थे। यही कारण है कि अब उनको बदले जाने बाद विपक्ष से अधिक भाजपाई ही उनकी अनुपलब्धियों को सार्वजनिक करने में कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विपक्षी इसे संयम से भूना रहे हैं पर भाजपाई असंयमित होते जा रहे हैं। अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री को लेकर । ऐसा होना स्वाभाविक भी माना जा रहा है कि क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्रियों से मुलाकातों के कारण बाहरी और आंतरिक चरित्र से रूबरू होते रहते हैं। इसलिए बहुत अंदर तक यानी किचन केबिनेट तक पहुंच बनाने वाला कार्यकर्ता यह जान जाता है कि प्रदेश का सुपर मुख्यमंत्री और मंत्री कौन है।



चन्द्रमोहन भगत

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में अदृश्य पर गौण मुख्यमंत्री का पात्र जिस महिला ने निभाया उससे तत्कालीन मुख्यमंत्री भी खौफ खाया करते थे। प्रदेश शासन के सभी विभागीय मुखिया अधिकारी उसका हुक्म बजाया करते थे। यही लोग इसी अदृश्य महिला गौण मुख्यमंत्री को ही नजराना परोसते थे। चर्चा तो इतनी हवाई थी कि महिला अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते अपने राज्य के अधिकारियों पर भी नजरे रखती थी। यही नहीं सभी मंत्रियों के विभागों पर भी नजरे जमाए रखती थी। कुछ ऐसा ही वातावरण मध्य प्रदेश सरकार का बना हुआ था। असल और गौण दोनों मुख्यमंत्री एक जान थे तो किसी को शिकायत करने की हिम्मत नहीं थी और विवेकवान जानते थे, इसका औचित्य भी नहीं था।

विपक्ष इतना मरियल या कहें बिकाऊ जैसा था, इसलिए जैसी सरकार शिवराज चला रहे थे। उस पर टोका टाकी करने की ना अपनों में ना गैरों में हिम्मत थी। बल्कि थोड़ा बहुत अंकुश किसी ने लगाया था तो उनके अपने रचनाकार सलाहकार संगठन ने। कहा जाता है कि इसका भाजपा से कोई लेना-देना नहीं रहता। पर, जब-जब भाजपा में किसी तरह की गड़बड़ होती है तो उसे उत्तम दर्जे से रफू करने का काम यही संस्था करती है। इसके बाद में गड़बड़ या खरोच के निशान भी नहीं दिखते हैं। इसी कारण शिवराज की जोड़ी मुख्यमंत्री वाली सरकार चलती रही थी। अभी भी चलती, पर कहावत है अति सर्वत्र वर्जयते। इसी कारण शिवराज का विकल्प सरकार बनने से पहले ही रचनाकार सलाहकार संगठन ने तलाशना शुरू कर दिया था और वर्तमान में नजर भी आ रहा है।

अगर भाजपा का हाई कमान ऐसा निर्णय नहीं लेता तो फिर एक के साथ एक मुख्यमंत्री मुफ्त इस सत्र में भी झेलना पड़ता। इस जोड़ी के कारनामों की गूंज आज भी विंध्याचल, सतपुड़ा और वल्लभ भवन के अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों के कानों में गूंजती रहती है। कुछ मंत्री जो अब सिर्फ अपनों में ही बोल रहे हैं, बीच चुनाव में गौण मुख्यमंत्री का फोन आ जाता था आदेश के पालनार्थ। मंत्री जी भ्रष्ट अधिकारी को सजा देने की तैयारी करते थे, दस्तावेज तैयार करने से पहले ही गौण मुख्यमंत्री का फोन आ जाता था। यहां तक की विभागो की प्राइम पोस्टिंग के लिए अधिकारी मुख्यमंत्री या विभागीय मंत्री के बजाय गौण मुख्यमंत्री का सहारा लेते थे। क्योंकि, इनके काम बगैर किसी टीका टिप्पणी के शत प्रतिशत होते थे। यही नहीं व्यापम में इनकी गृह नगरी के 27 नाम का चयन होने के बाद भी इनका नाम लेने की हिम्मत किसी मंत्री, अधिकारी और विपक्षियों में नहीं थी। जबकि, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के सिफारिश की संख्या का चार गुना बढ़ा दिया गया और मुख्यमंत्री को सिर्फ मंत्री दर्शाया गया।

यह भी तब सतह पर आया, जब संघ के नेता सुरेश सोनी के एकमात्र नाम को सतह पर सार्वजनिक होने दिया गया। जबकि, अनेक नाम छुपाए गए थे। गौण मुख्यमंत्री सहित इसे भी छुपाया जा सकता था पर... यह जरूर हुआ कि बाद में जांच टीम के प्रमुख आईजी ने जाहिर किया कि सुरेश सोनी का नाम व्यापम घोटाले में नहीं है। यही नहीं तब के शिक्षा मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के खिलाफ कार्रवाई के आदेश भी विदेश जाते समय देकर डेढ़ सालों तक जैल में रहने को मजबूर किया था। आज भी व्यापम के असल सूत्रधार तो बाहर ही है। क्योंकि, बीच की कांग्रेस सरकार ने भी इस पर हाथ डालना तो दूर नजर भी नहीं डाली थी। राजनीतिक जगत में कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। इसी तर्ज पर इन दिनों चर्चा है कि अब भाजपा का डबल इंजन वाला नेतृत्व शिवराज से इतना खफा है कि मुख्यमंत्री से नाराज विधायक बनाना तो सार्वजनिक नजर आ रहा है। चर्चाओं पर भरोसा करें तो अगर अपने तेवर राजनाथ की तरह ठंडे नहीं किए तो बात आगे बढ़कर व्यापम, पटवारी भर्ती, खनिज उत्खनन और गोंदिया गांव तक कभी भी पहुंच सकती है।

मामा परिवार को चुभने वाले इसी वातावरण के दंश की पुष्टि करते हुए कई वीडियो कार्तिकेय चौहान के भी दायरे से बाहर नजर आ रहे हैं। जिसमें वह बुधनी में सभा करते हुए कह रहे हैं कि सरकार भाजपा की है, यहां के स्वीकृत काम तो होंगे ही और अगर इन्हें रोका गया तो मैं क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से भीड़ जाऊंगा। सहज की कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव के पहले अगर शिवराज ने भाजपा के डबल इंजन को चेतावनी दे डाली और लोकसभा चुनाव में एनडीए अल्पमत में आ गई तो शिवराज राष्ट्रीय नेतृत्व को संभालने के काबिल साबित होंगे। अन्यथा डबल इंजन ने जैसे गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी, राजस्थान की वसुंधरा राजे को साइड लाइन किया वैसे शिवराज को भी पूरी तरह साईड कर देगें।

# स्वच्छता व अन्य गतिविधियों के आयोजन हेतु चलेगा विशेष अभियान, बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा के अवसर पर नगरीय निकायों में विशेष गतिविधियों के आयोजन हेतु म.प्र. शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि मंदसौर नगरपालिका परिषद के द्वारा भी आगामी समय में स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियां आयोजित हो इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा के सभापतिगणों, पार्षदगणों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों व नपा के अधिकारियों, कर्मचारीगणों के साथ बैठक की। बैठक में हुडको डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, जिला रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन श्री प्रीतेश चावला, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री श्री धीरज पाटीदार भी विशेष रूप से शामिल हुए और इन्होंने स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर अपने सुझावों से नपाध्यक्ष को अवगत कराया।

बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, सीएमओ सुधीरकुमार सिंह, सभापतिगण श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, सत्यनारायण भांभी, निलेष जैन, श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती कौशल्या बंधवार, रमेश ग्वाला, पार्षदगण आशीष गौड़, ईश्वरसिंह चौहान, श्रीमती सुनीता भावसार, संजय गोयल, विनय दुबेला, सुनील बंसल, अनुप माहेश्वरी, श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, राकेश भावसार, भावना पमनानी, कमलेश सिसौदिया, विक्रम भैरवे, गोरर्धन कुमावत, श्रीमती गरिमा



भाटी, श्रीमती भारती पाटीदार, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया, सीटी मिशन मैनेजर अजय शर्मा, स्टोर कीपर राजेन्द्र नीमा सहित कई कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। बैठक में 17 से 22 जनवरी तक नपा परिषद के द्वारा जनसहयोग व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आयोजित होने वाली गतिविधियों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व हमें अपने मंदसौर नगर के जो भी मंदिर या धार्मिक स्थान है उन्हें स्वच्छ करना है अर्थात मंदिर व धार्मिक स्थानों के परिसर में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित कर पूरे मंदिर परिसरों की सफाई करवाना है मंदसौर नगर के सभी 40 वार्डों में जितने भी मंदिर है उन स्थानों पर सफाई के लिये नपा परिषद 17 जनवरी से विशेष अभियान शुरू करेगी इसमें स्थानीय नागरिकों व मंदिर समितियों का सहयोग लिया जावेगा। तथा उन्हें साथ में लेकर स्वच्छता का कार्य सभी वार्ड पार्षदों को करवाना है। नपा परिषद नगर के वे मंदिर जहां स्वच्छता का कार्य लम्बे समय से नहीं हुआ है उन पर विशेष ध्यान देगी। नपा परिषद 21 व 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन चयनित मंदिरों व धार्मिक स्थानों पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा भी करायेगी। वार्ड पार्षदों से आग्रह है कि वे इस कार्य को करवाने हेतु मंदिरों की सूची व जो भी सुझाव है वे देवे। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला एवं स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने भी अपने सुझावों से अवगत कराया। सीएमओ सुधीरकुमार सिंह ने शासन से प्राप्त हुए पत्र का वाचन किया।



# नगर में निकली विशाल कलश भगवा यात्रा

**दलौदा, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होना है उसके पूर्व पूरे देशभर के प्रत्येक गांव में धर्म मय कार्यक्रम हो रहे हे दलौदा नगर में भी प्रतिदिन हिंदू समाज जन द्वारा लगातार मोहल्ले मोहल्ले में राम धुन निकाली जा रही है दिन प्रतिदिन रामधुन में भी संख्या बढ़ती जा रही हे और माहोल राम मय होता जा रहा हे सोमवार को भी सुबह से ही बालाजी मंदिर प्रांगण कृषि उपज मंडी के सामने लगातार कार्यक्रम आयोजन हुए जिसमे सुबह से हवन पूजन हुआ हवन में नगर के समस्त समाज के सैकड़ों जोड़े बैठे हवन के बाद धर्मसभा का आयोजन हुआ धर्मसभा में महंत स्वासानंद जी महाराज बर्दिया खेड़ी, महंत श्री महाराज, श्री विकास आचार्य ने भी संबोधित किया मंच में संत श्री के साथ श्री विकास आचार्य, खंड कार्यवाह विशाल ग्वाला, खंड सरसंघचालक रामलाल गुर्जर भी मंचासिन थे उसके बाद नगर में कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा में नगर की कई माताएं बहनें सहित नागरिक गानों ने भाग लिया माताएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी और युवतियां एवम युवकों द्वारा भगवान के भजनो पर नृत्य किया नगर के सैकड़ों स्थानों पर भगवा कलश यात्रा का स्वागत किया गया यात्रा कृषि उपज मंडी बालाजी मंदिर के प्रारंभ होकर मंडी चौराहा, चौपाटी, प्रगति चौराहा, सीतामऊ फाटक होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची जहा राम जी भगवान की आरती के बाद समापन हुआ।

# अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वन विभाग वन परिक्षेत्र गरोठ सामान्य वनमण्डल मंदसौर के द्वारा मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड की गाईड लाईन दो दिवसीय अनुभूति कार्यक्रम जिसकी थीम इस वर्ष 'मैं भी बाघ' का आयोजन तहसील शामगढ के धमनार (धर्मराजेश्वर) में किया गया। शासकीय माध्यमिक एवं हाई स्कूल ढाबला गुर्जर तथा दूसरे दिन शासकीय मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल गरोठ के 252 छात्र–छात्राओं ने अनुभूति कार्यक्रम में भाग लिया। अनुभूति प्रेरक श्री राजकमल आर्य (सेवानिवृत उप वनक्षेत्रपाल) ने बच्चो को शिविर में मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, टाइगर रिजर्व, जीवाश्म धरोहर, शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्यप्राणी, पक्षी, सर्प, तितलियां एवं पेड़ पौधों का महत्व बताते हुए औषधीय पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चो के साथ साझा की। शिविर में Lifestyle for environment H{$ VhV Pro planet-people के अनुसार दिनचर्या में परिवर्तन कर, जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान से बचाने हेतु प्रेरित किया गया। प्रशन उत्तर कार्यक्रम मे छात्र छात्राओं ने बड़ चढ़कर भाग लिया जिसमें 50 बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चो द्वारा शिविर का भरपूर आनंद उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्री देवीलाल धाकड़, श्री भगतसिंह पंवार प्रकृति प्रेमी, शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख योद्धा...

# आचार्य श्री धर्मेन्द्रजी महाराज के सदकार्यों को भुलाया नहीं जा सकता

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बहुप्रतीक्षित अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है। श्रीराम जन्म भूमि के लिये चलाये गये आंदोलन में जहां कई कारसेवकों, संत



महात्माओं ने अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। उनकी आत्माएं आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शुभारंभ पर प्रफुल्लित हो रही होगी।

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्राण फूंकने वाले में सबसे प्रमुख संतों में पंचखण्ड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी श्री धर्मेन्द्रजी महाराज की मुख्य भूमिका रही, उन्होंने ही 6 दिसम्बर 1992 को अयोध्या पहुंचकर कारसेवा की घोषणा की थी तथा हजारों कारसेवक जैसे तैसे अयोध्या पहुंचे तथा वहां कई संत महात्माओं के शोयपूर्ण भाषण हुए। इंडिया टूडे पत्रिका के संवाददाता वरिष्ठपत्रकार अक्षय कुमार जैन ने अपनी रिपोर्टिंग में लिखा था कि आचार्य श्री धर्मेन्द्र के ओज एवं जोशपूर्ण आव्हान से कारसेवकों में इतना जोश भर गया कि उन्होंने बाबरी मस्जिद को देखते ही देखते जमींदोज कर दिया। वरिष्ठ पत्रकार अक्षयकुमार जैन ने लिखा था कि यदि आचार्य धर्मेन्द्र ये नारा नहीं लगाते कि जिस हिन्दू का खून न खोले खून नहीं वो पानी है । वैसे ही महाराष्ट्र के शिव सैनिकों में इतना जोश आ गया कि देखते ही देखते उन्होंने मस्जिद का ढांचा ढहा दिया। सीबीआई की विशेष अदालत तथा हाईकोर्ट में जिन संतों, हिन्दू नेताओं पर मुकदमें दर्ज हुए उनमें सबसे प्रथम आरोपी सनातन धर्म के अद्वितीय व्याख्याकार श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख योद्धा, विश्व हिन्दू परिषद की केन्द्रीय मार्गदर्शक मण्डल के सदस्य, धर्मधाम गीता भवन मंदसौर के संस्थापकों में प्रमुख तथा मेरे सद्गुरूदेव आचार्य स्वामी श्री धर्मेन्द्रजी महाराज (पंचखण्ड पीठाधीश्वर विराटनगर जयपुर) थे। जिन्हें 28 वर्ष बाद सीबीआई की विशेष अदालत एवं हाईकोर्ट ने बाइज्जत बरी कर दिया तथा अदालत के फैसले के बाद आचार्य श्री धर्मेन्द्र झारखण्ड में अपने धार्मिक आयोजन में जा रहे थे तो दिल्ली में आडवानीजी से मिलने गये (ये चित्र उसी अवसर का है)। आडवानी ने उन्हें गले लगाते हुए कहा कि आपके प्रयास सफलता की ओर है। आज आचार्य श्री धर्मेन्द्र हमारे बीच नहीं है। सितम्बर 2022 को आप ब्रह्मलीन हो गये। लेकिन उनके सदकार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे सद्गुरू देव एवं राष्ट्र के महान संत आचार्य स्वामी श्री धर्मेन्द्रजी महाराज के श्री चरणों में कोटी-कोटी नमन।

**-पं. अशोक त्रिपाठी**
**सीनियर जर्नलिस्ट, मंदसौर**

# वात्सल्य पब्लिक स्कूल द्वारा कॅरियर मेला 20 को

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पहली बार कॅरियर मेला मंदसौर में आयोजित होने वाला है। इसका आयोजन वात्सल्य पब्लिक स्कूल द्वारा किया जा रहा है। इसमें ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों और अभिभावकों को देश की सात नामी युनिवर्सीटी के प्रतिनिधि मार्गदर्शन देंगे। कॅरियर मेला का आयोजन बीस जनवरी को वात्सल्य पब्लिक स्कूल में किया जाएगा।

कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के बाद अगला कदम उठाने को लेकर विद्यार्थी और अभिभावक दोनों ही असमंजस की स्थिति में होते हैं। विज्ञान, कला और वाणिज्य में कई ऑप्शन ऐसे होते हैं। जिनकी जानकारी अभिभावक और विद्यार्थी दोनों को ही नहीं होती। अधिकांश बार देखा जाता है कि ऑप्शन चुनने को लेकर भी असमंजस की स्थिति बन जाती है। इसी असमंजस की स्थिति को दूर कर विद्यार्थियों के कॅरियर की राह को आसान करने का प्रयास वात्सल्य पब्लिक स्कूल कॅरियर मेला लगाकर कर रहा है। इस तरह का कॅरियर मेला मंदसौर में पहली बार आयोजित होगा। इस मेले में सात युनिवर्सीटी के अनुभवी प्रतिनिधि मौजूद रहेगे। जो विद्यार्थियों और अभिभावकों से चर्चा कर उनके संकाय में विभिन्न जानकारियों से अवगत कराएंगे। साथ ही उन्हें आगे की राह के बारे में मार्गदर्शन भी देंगे। बीस जनवरी को आयोजित होने वाले इस कॅरियर मेले में पारुल युनिवर्सीटी वडोदरा, अमीटी युनिवर्सीटी जयपुर, जेएलडब्ल्यू जागरण लेक युनिवर्सीटी, एमआईटी युनिवर्सीटी पुणे, गीतम युनिवर्सीटी, फ्लेम युनिवर्सीटी, एटलस स्कीलटेक युनिवर्सीटी के अनुभवी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इनके द्वारा विद्यार्थियों और अभिभावकों से चर्चा कर अपने अनुभवों के आधार पर कॅरियर गाइडेंस किया जाएगा।

# प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति की

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे प्रदेश में विधानसभा वाइज प्रभारी की नियुक्ति की गई है श्र जिसमें मंदसौर जिले की चारों विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किए हैं जिसमें मंदसौर विधानसभा के लिए गोविंद सिंह पवार, मल्हारगढ़ विधानसभा के लिए मोहम्मद हनीफ शेख, सुवासरा विधानसभा के लिए विजेश मालेचा, गरोठ भानपुरा विधानसभा के लिए मनजीत सिंह टुटेजा की नियुक्ति की गई है श्र गौरतलब हे की श्री पटवारी ने पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विधानसभा वार बनाए गए प्रभारीयो की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव के संबंध में अपने प्रभार क्षेत्र में त्वरित कार्य करने निर्देशित दिए गए हैं श्र उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने दी।

# ग्रामीणजनों की अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा-विधायक जैन

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन के पश्चात पहली बार विधायक मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रलायता पहुँचे और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने मुझे वोट दिए और विजयी बनाया उसके लिए मैं सभी ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही मै ग्रामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरूगां। सोमवार को सौलंकी परिवार रलायता द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम मे पहुँचे नवनिर्वाचित विधायक विपीन जैन ने यह बात कही। श्री जैन ने कहा अप्रेल माह मे विधायक निधी आएगी तो रलायता गांव मे जो भी विकास कार्य होने लायक है वह विकास कार्य मैं प्राथमिकता से करूंगा। युवा नेता बंशीलाल सौलंकी द्वारा विधायक श्री जैन के रलायता आगमन पर भव्य आतिशबाजी की गई और साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया तथा पायल सौलंकी द्वारा विधायक को तिलक लगाकर आरती की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य विकास दशौरा व मुख्यरूप से बंशीलाल सौलंकी, पायल सौलंकी, दिव्या सौलंकी, रानु सौलंकी, कन्हैयालाल सौलंकी, किशोर सौलंकी,



बंटी सौलंकी, सूरज सौलंकी, राधेश्याम सौलंकी, रामलाल सुतवाले, तुलसीराम सुतवाले, विनाद सौलंकी तथा रलायता के समस्त ग्रामीणजन मौजुद थे।

# आर्य समाज द्वारा 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज से

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मन्दसौर के तत्वावधान में विशाल 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 17 जनवरी, बुधवार से दिनांक 26 जनवरी, शुक्रवार तक प्रतिदिन प्रात: 9 से दोप. 1 बजे व दोप. 3 से 7 बजे तक आर्य समाज मंदिर, तरणताल (स्विमिंग पूल) के सामने, मंदसौर पर किया जा रहा है। इस शिविर का शुभारंभ 17 जनवरी, बुधवार को प्रात: 9.15 बजे किया जायेगा।

शिविर के बारे में जानकारी देते हुए आर्य समाज अध्यक्ष मधुसूदन आर्य ने बताया कि इस शिविर में प्रसिद्ध थेरेपिस्ट अर्जुन कटारिया एम.डी. (एक्यू.) अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में सभी बिमारियों जैसे दमा, सांस, बवासिर, गठिया, रिंगण (सायटिका), जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, एडी का दर्द, ब्लड प्रेशर का बढ़ना-घटना, नजर की कमजोरी, लकवा, शुगर (1 साल पुरानी), मानसिक रोग, माइग्रेन, थायराईड, गुप्त रोग, शारीरिक दर्द, रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोग, गर्दन का दर्द (सरवाईकल), हाथों पैरों में दर्द व सुनापन, चक्कर आना, नाभि का खिसकना (धरन), मोटापा, लकोरिया (श्वेत प्रदर) व धात रोग आदि रोगों का ईलाज विदेशी मशीनों एवं एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा बिना दवाई के इलाज किया जावेगा। रोगी को शिविर में 1 घण्टे के लिए आना होगा। यह इलाज पद्धति दवा रहित है इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इच्छुक व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन मो.नं. 8003708162 पर करवा सकते है। जो मरीज शिविर में आने में असमर्थ है उनको घर पर देखने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर सहयोगी प्रिंस विद्यार्थी एवं आर्य समाज मंदसौर ने सभी से इस शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया है।

## अदिति का महिला संभाग क्रिकेट हेतु चयन

**दलौदा, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय दलौदा की बालिका का महिला संभाग क्रिकेट हेतु चयन। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री तोसिफ नागोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार उज्जैन में आयोजित होने वाली महिला संभाग क्रिकेट हेतु महाविधालय की कु अदिति व्यास का उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर चयन हुआ। अदिति की इस सफलता पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री हेमंत जी धनोतिया, अग्रणी प्राचार्य डॉ एल एन शर्मा, महाविधालय परिवार ने बधाई दी एवम उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भगवान रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर प्रतिदिन निकाली जा रही है प्रभात फेरी



**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान रामलला के 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में मंदसौर नगर के मंदिरों से जगह-जगह प्रभात फेरिया निकल रही है इसी क्रम में अग्रसेन नगर के सुप्रसिद्ध शिवशक्ति मंदिर से महिला मंडल के द्वारा प्रतिदिन प्रात: 6 से 7 अग्रसेन नगर की सभी गलियों में रामधुन के साथ भजन कीर्तन भक्ति नृत्य करते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है। यह प्रभात फेरी भगवान शिवशक्ति मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण अग्रसेन नगर की समस्त गलियों में होकर लगभग ढाई किलोमीटर की यात्रा पूरी कर 7 बजे मंदिर पर समापन होती है। यह जानकारी पतंजलि योग गुरु बंसीलाल टॉक द्वारा दी गई।

# एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई में 55 लोगों की सुनी समस्याएं



**नीमच, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने जनसुनवाई करते हुए-55 लोगों से रूबरू होकर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए, कि पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर संयुक्ति कलेक्टर सुश्री प्रिती संघवी, श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में जावद की लीलाबाई ने गाली गलोच करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, जमुनियाकला के कन्हैयालाल भील ने विद्युत, नल कनेक्शन एवं पक्का रोड बनवाने, नेवड के रमेश ने पुलिया निर्माण में पक्षपात करने, बघाना की ममता वर्मा ने परेशान व प्रताडित करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, गिरदौडा के किशनलाल राजपूत, रामपुरा के शोभाराम भोई ने आर्थिक सहायता स्वीकृत करने एवं फुलपुरा के सीताराम गुर्जर ने वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ढाकनी के सालगराम, पिपल्या रूण्डी के घनश्याम, कुंदवासा की गुडडीबाई, कवरजी की खेडी के भागीरथ, छाछखेडी के ग्रामीणजन, पावडाखुर्द के पारस गौड, तारापुर की लीलाबाई मेघवाल, चीताखेडा के बाबुलाल बंजारा, मुलचंद मार्ग नीमच के माधवलाल कुचबंदिया, धनेरियाकला के रामचन्द्र कुम्हार एवं जीरन की सम्पतबाई ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर समस्याएं सुनाई।

## अवकाश सूचना

दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में दिनांक 15 जनवरी 2024 को अवकाश था, इसलिए दिनांक 16 जनवरी 2024 का अंक प्रकाशित नहीं हो सका।

**सम्पादक**

# कृपा राम की सफल हनुमान का आयोजन कल

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राम मंदिर निर्माण के अवसर पर मंदसौर में हनुमान भक्त पंडित श्री विजय शंकर जी मेहता के मुखारविंद से रामायण जी के सुंदरकांड पर आधारित कृपाराम की सफल हनुमान का व्याख्यान होने जा रहा है। यह आयोजन 18 जनवरी को पोस्ट ऑफीस के सामने, नई आबादी अफीम गोदाम रोड़ पर सायं 7.30 बजे रखा गया है। कार्यक्रम को गतिमान सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पांच शताब्दियों के लंबे इंतजार के पश्चात राम जन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या में विशाल मंदिर में प्रभु श्री रामलला जी के विराजमान होने के महाउपलक्ष में किया जा रहा है। उक्त धार्मिक आयोजन को प्रसिद्ध हनुमान भक्त विचारक चिंतक और जीवन प्रबंधन के लिए विख्यात श्री पंडित विजय शंकर जी मेहता संबोधित करेंगे। इस अवसर पर गतिमान सामाजिक सेवा संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदसयों द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से सविनय अनुरोध किया कि इस प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन कृपाराम की सफल हनुमान के उद्बोधन का लाभ ले और प्रभु श्री राम और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर अपने मानव जीवन को सफल बनावे। साथ ही सामाजिक संस्थान द्वारा शहर के गणमान्य और प्रबुद्ध नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है कि अपने इष्ट मित्र और परिवार सहित उक्त धार्मिक आयोजन का लाभ ले।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंदिरो में की साफ सफाई

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निकाय मे स्थित सभी सार्वजानिक एवं आवासीय



क्षेत्रो, सभी मंदिरों एवं पवित्र नदियों / जलाशयों के पास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य उद्घाटन होने के उपलक्ष्य मे नागरिकों को अपने आवास / परिसर के समक्ष साफ-सफाई रखें एवं अपने आवास/ प्रतिष्ठानों के द्वार पर दीप प्रज्ञवलन करे इस हेतु जागरूक किया किया जा रहा है। इस दौरान नगर परिषद अध्य क्ष श्रीमती ममता जयराज सिंह चौहान, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जैन एवं निकाय कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रवासियों भारतीयो के दिल में बसा है भारत...

## पत्र संपादक के नाम

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपने देश अपनी धरती से लोगो का स्वाभाविक लगाव होता है चाहे वह पीढ़ियों पहले कंही और जाकर बस गए हो। हर वर्ष प्रवासी दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीयो के योगदान का उत्सव मनाने का अवसर होता है। जो लोग भारत छोड़कर विश्व के दूसरे देशो में जा बसे है उन्हे प्रवासी भारतीय कहते है। अप्रवासी भारतीयो की भारत के प्रति सोच, उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ ही उनकी अपने देशवासियो के साथ सकारात्मक बातचीत के साथ ही एक नेटवर्क बनाना और उसके लिए मंच उपलब्ध करवाना ही प्रवासी भारतीय दिवस को मनाने का उद्धेश्य है। विश्व के अन्य देशो में भारतीय प्रतिभाओ ने जो उपस्थिती दर्ज करवाई है वह हम देशवासियो के लिए गर्व का विषय है। हमने शायद ही कभी यह बात सुनी होगी कि कभी किसी देश मे भारतवंशियों के चलते कोई अराजक स्थिति उत्पन्न हुई हो।यह भारत की सभ्यता और संस्कार है। देशभर में करीब साढ़े तीन करोड़ से अधिक भारतीय अपने मूल स्थानो-घरो से दूर रहकर विदेशो में अलग-अलग क्षेत्रो में कार्य कर रहे है। प्रवासी भारतीय कई देशो में औद्योगिक व सामाजिक क्षेत्रो में अग्रणी रहने के साथ ही एक बड़ी राजनीतिक ताकत भी बन चुके है और कई देशो में उच्च पदो पर है। उनके इस अनुभव और कार्यकौशल का स्थानीय स्तर पर भारतीयो को भी लाभ मिलना चाहिए। यह तभी सम्भव होगा जब हम एक दूसरे से मिलेंगे। अपने देश भारत में प्रवासी भारतीयो के संबंध में जब कभी यह टिप्पणी देखने व सुनने को मिलती हे की वे लोग तो अपने सुख के लिए देश छोड़कर भाग गए थे तो अनेक उन भारतवंशियो के मन को चोट पंहुचती हे जो वर्षो से विदेश में बसे होने पर भी भारत के साथ अपना रिश्ता पूर्ववत अटूट बनाए हुए हे भले ही वे अपनी योजना से या नियति वश विदेशवासी बने होंगे पर उनके जीवन का एक बहुत बड़ा सच यही हे की मन से वे अपनी जन्मभूमि से कभी अलग हुए ही नही वे सात समंदर पार भी अपने जीवन का हर पल भारत को ही जीते हे। हजारो ऐसे भारतीय वतन लौटकर अपनी श्वासो में उसी प्राणवायु को फिर से भर लेना चाहते हे जो जन्मभूमि पर जन्म लेते ही पहले पहल उन्होने अपने फेफड़ों में भरी थी। मातृभूमि की पवित्र नगरी की सुगंध से खींच कर वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य भारत पंहुचते हे। कोई क्या जानेगा की उनसे ऐसा क्योंकर होता चला जाता हे ? इसका रहस्य वे लोग केसे जानेंगे जिन्होने कभी प्रवासी, अप्रवासी, अनिवासी और भी न जाने कितने विशेषणो से अलंकृत होने और विदेशी भारतीय तक कहलाए जाने की पीड़ा को नही सहा। भारतीयो ने तो विदेशो में जाकर न केवल अपने लिए धन कमाया बल्कि कई तरीको से भारत का हित साधन भी किया हे। कोई भी प्रवासी भारतीय भारत से दूर बसे होने पर भी अपने देश की दशा, दिशा, मान अपमान, उन्नति, अवनति और उस भूखंड पर होने वाली छोटी बड़ी राजनीतिक सामाजिक एवम सांस्कृतिक हलचल से अप्रभावित नही रह सकता।



अपनी आत्मा से उन्होने भारत का त्याग नही किया हे। स्वर्जित संसाधनो से स्वदेश के प्रति अनेक तरीको से अपने कर्तव्य पालन की तत्परता दिखाई हे। यदि मां अपने बेटो का विस्मरण नही करती जो उसके पास इसलिए नही रह पाते क्योंकि उन्हे रोजी रोटी के लिए परदेस जाना पड़ता हे तो उसके परदेसी बेटे बेटियां भी हजारो मील दूर रहते हुए अपनी मां से नाता नही तोड़ते। उसके हर सुख दुख में साथ खड़े होते हे। कन्ही भी हो अपने भाई बहन के साथ भी पूर्ववत संबंध बनाए रखते हे। यह स्नेह, संबंध, आत्मीयता अटूट हे, अभेद हे और एक शाश्वत सत्य हे। यही सत्य प्रवासी भारतीय समाज और उसकी मूल संस्कृति व राष्ट्र के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता को रेखांकित और प्रमाणित करता हे की प्रवासियो के दिल में बसा हे भारत।

**गौरव सोनी, मंदसौर**

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 41 | 2200 | 2453 |
| उड़द | 23 | 4199 | 8500 |
| सोयाबीन | 5196 | 3801 | 4812 |
| गैहु | 2800 | 2750 | 3410 |
| चना | 73 | 4632 | 5291 |
| मसुर | 88 | 4680 | 6031 |
| धनिया | 180 | 5400 | 6800 |
| लहसुन | 10000 | 10000 | 18000 |
| मैथी | 354 | 5000 | 6100 |
| अलसी | 1510 | 4610 | 5151 |
| सरसो | 590 | 3951 | 5041 |
| तारामीरा | 4 | 4453 | 4599 |
| इसबगोल | 11 | 10000 | 15301 |
| प्याज | 4500 | 300 | 1700 |
| कलोंजी | 62 | 11200 | 16900 |
| डॉलर | 8 | 9211 | 15093 |
| तिल्ली | 14 | 9500 | 15465 |
| मटरसुखी | 12 | 2361 | 3481 |
| असालीया | 3 | 7150 | 7830 |



# आपस में भिड़े तेंदुए,सड़क किनारे झाड़ियों में मिला एक तेंदुए का शव

## वन विभाग ने जताई तेंदुओं की आपसी लड़ाई में मौत होने की आशंका

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा क्षेत्र में सोमवार को सड़क किनारे तेंदुए का शव दिखाई देने के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन अमले ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। भानपुरा वन विभाग के अंकित भदोरिया ने बताया कि सुबह 9 बजे सूचना मिली थी कि भानपुरा के बड़ा महादेव क्षेत्र में सड़क किनारे झाडियों में तेंदुए का शव पड़ा है। मौके से तेंदुए का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करवाया गया। सड़क पर खून ने धब्बे भी मिले हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदुए की मौत का कारण प्रथम दृष्टि से देखने पर वन्य प्राणियों का आपसी संघर्ष हो सकता है। दो तेंदुए की लड़ाई में एक तेंदुए की मौत की आशंका है। बहरहाल वन विभाग ने मर्ग कायम किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

# एबीसी रजिस्ट्रेशन के बगैर परीक्षा फार्म अमान्य

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हायर एजुकेशन की स्टडी कर रहे लाखो नियमित और प्राइवेट स्टूडेंट्स के परीक्षा फॉर्म तब तक मान्य नहीं होंगे, जब तक उनका रजिस्ट्रेशन एबीसी (अकादमिक) बैंक आफ क्रेडिट में नहीं हो जाता है। इस व्यवस्था का पालन नहीं करने पर उच्च शिक्षा विभाग के स्टूडेंटस को ही इसका खामियाजा भुगतना होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इसको लेकर सभी जिलों में संचालित विश्वविद्यालयों, स्वशासी महाविद्यालयों और अन्य महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने यह आदेश डिजी लॉकर सिस्टम को सख्ती से लागू करने के लिए दिए हैं। सोमवार को जारी आदेश में विभाग ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रदेश के सभी नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन अकादमिक बैंक आफ क्रेडिट (एबीसी) में किया जाना है। इसके बाद इन स्टूडेंट्स की अंकसूची डिजी लॉकर में अपलोड हो सकेगी। सभी विश्वविद्यालयों के कुल सचिवों, निजी विश्वविद्यालयों के सचिव और सभी कालेज के प्राचार्यों को जारी निर्देश में कहा गया है कि स्टूडेंट्स की एबीसी आईडी बनाने के लिए वे अपने संस्थान में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करें और इस काम को समय सीमा में पूरा कराएं।

### खुद क्रिएट करनी होगी आईडी...

विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा है कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों द्वारा नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे पीपीटी प्रजेंटेशन के जरिए स्टूडेंटस को एबीसी में रजिस्ट्रेशन कर उनकी आईडी बनवाने का काम करेंगे। आईडी बनाने के बाद इसका वेरिफिकेशन करना कालेज की जिम्मेदारी होगी। विभाग ने साफ कहा है कि यह काम 31 मार्च 2024 के पहले कराना होगा। ताकि आगामी परीक्षा परिणामों के बाद विद्यार्थियों को दी जाने वाली अंकसूची डिजी लॉकर में रखी जा सके।

### रजिस्ट्रेशन नहीं तो परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं...

विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संकाय से डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म तभी स्वीकार किए जाएंगे जब वे एबीसी में रजिस्टर्ड होंगे। ऐसा न होने पर फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह कहा गया है कि कोई महाविद्यालय किसी स्टूडेंट का पंजीयन हुए बगैर विश्वविद्यालय को परीक्षा फॉर्म नहीं भेज सकेगा और कोई विश्वविद्यालय एबीसी रजिस्ट्रेशन बगैर भरे फार्म स्वीकार नहीं करेगा। इसके लिए अप्रत्यक्ष रूप से छात्र भी जिम्मेदार माने जाएंगे। साथ ही नोडल अधिकारी भी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

# धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

## गिल्ली डंडे का खेल खेला गया, आसमान में इतराती दिखी पतंगे

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकर संक्रांति का पर्व प्रदेश के साथ मंदसौर में भी धूमधाम से मनाया गया। शहर के मैदानों और गलियों में बड़ी संख्या में लोगों ने गिल्ली-डंडा खेलने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए जमकर हाथ आजमाए। जिसमें महिलाएं और युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। साथ ही आसमान में कई रंग-बिरंगी पतंगे दिखाई दीं।



लोगों ने पतंग उड़ाकर और तिल-गुड के लड्डू बांटकर मकर संक्रांति के पर्व को मनाया। वहीं सुबह से लोग शहर के अलग-अलग स्थान पर गायों को हरा चारा खिलाते दिखाई दिए। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शहर के सब्जी मंडी, एलआईसी रोड और भारत माता चौराहा आदि जगहों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दरिद्र नारायण को भोजन कराया गया। मकर संक्रांति पर लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर आराधना की। इस दौरान सुबह-सुबह मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की काफी उपस्थित दिखाई दी।

# सीबीएन की कार्यवाही:जीरन के बामनिया में अफीम व डोडाचूरा जप्त, एक गिरफ्तार

**नीमच, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मादक पदार्थ तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान में सीबीएन नीमच टीम को बडी सफलता मिली। जीरन तहसील के बामनिया गांव में तस्कर के घर की घेराबंदी कर दबिश दी। टीम को देख तस्कर ने भागने का प्रयास किया। लेकिन, घेराबंदी पुख्ता होने से उसके मंसूबे विफल हो गए। घर की तलाशी में टीम ने 8 किलो 300 ग्राम अफीम और 223 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा (66 किलो सीपीएस डोडाचूरा) जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

उप नारकोटिक्स आयुक्त डॉ. संजय कुमार ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी मिली थी कि जीरन तहसील के बामनिया में एक व्यक्ति ने अफीम व डोडाचूरा का अवैध भंडारण कर रखा है। जो तस्करों को सप्लाई करने की तैयारी में है। सूचना पर नीमच सीबीएन के अधिकारियों की टीम गठित कर सोमवार रात को दबिश के लिए रवाना की। टीम ने गांव में पहुंचकर संदिग्ध घर की पहचान की और घेराबंदी कर दबिश दी। टीम को देख तस्कर ने भागने का प्रयास किया। लेकिन, टीम ने उसे दबोच लिया। घर की तलाशी लेने पर कोई सफलता नहीं मिली। जब गहनता से जांच व पूछताछ की तो तस्कर ने मादक पदार्थ रखने की जगह बताई। टीम ने फिर से तलाशी ली तो तीन प्लास्टिक की थैलियों में भरकर रखी 8 किलो 300 ग्राम अफीम तथा 16 प्लास्टिक के काले बोरों में भरा 223 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा मिला। इसमें 66 किलो सीपीएस डोडाचूरा भी शामिल था। टीम ने मौके पर कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर अफीम व डोडाचूरा जब्त कर आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर सीबीएन आफिस पहुंची। जहां एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# राज्य शासन पारदर्शी वित्तीय प्रशासन देने के लिये प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

## भुगतान संबंधी लापरवाही के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध होगी एफआईआर

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि राज्य शासन पारदर्शी वित्तीय प्रशासन देने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि वित्तीय अनियमितताओं पर नियंत्रण के लिये डाटा एनालिसिस एवं विभिन्न इंटेलीजेंस टूल आधारित व्यवस्थाओं को लागू किया गया है। इससे संभावित वित्तीय अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगी है। श्री देवडा ने गलत भुगतान के प्रकरणों में जाँच के निष्कर्ष के आधार पूरे वित्तीय इंटेलीजेंस सिस्टम में सुधार करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को वित्तीय अनुशासन का पालन करने, सतर्क रहने और संवेदनशीलता के साथ भुगतान संबंधी कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान संबंधी लापरवाही के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध एफआईआर की जायेगी और उन्हें कडी सजा दिलाई जायेगी।



उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का साफ्टवेयर संचालित है। इसके माध्यम से लगभग 5600 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा देयकों के भुगतान किये जाते हैं। इनमें प्रदेश के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों के वेतन एवं विभिन्न स्वत्वों के भुगतान, कार्यालयीन व्यय, अनुदान, स्कालरशिप आदि के भुगतान भी शामिल हैं। विगत माहों में डाटा एनालिसिस एवं विभिन्न इंटेलीजेंस टूल का उपयोग करते हुए कुछ कार्यालयों में गलत भुगतान के गंभीर प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। बीते पांच वित्तीय वर्षों में 85 लाख देयकों से हुए लगभग 15 करोड भुगतानों का विश्लेषण किया गया। अनियमितताओं की संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। डाटा के विश्लेषण के लिये मापदण्ड अपनाए गये। गलत भुगतान का पहला प्रकरण कलेक्टर कार्यालय इंदौर में सामने आया। अब तक लगभग 162 करोड रुपये के गलत भुगतान पकडे गये और 15 करोड रुपये की वसूली की गई। जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय जांच चल रही है। एक प्रकरण में संबंधित कर्मचारी को बर्खास्त किया गया है। डाटा एनालिसिस एवं विभिन्न इंटेलीजेंस टूल आधारित व्यवस्था से प्रथमत: संदिग्ध भुगतानों को चिन्हित किया जाता है। अनियमितताओं, अधिक भुगतान तथा अनियमितता की पुष्टि होने पर जिला कलेक्टर के संज्ञान में लाते हुए तुरंत वैधानिक कार्रवाई की जाती है। भविष्य में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करते हुए SFIC (स्टेट फाइनेंसियल इंटेलिजेंस सेल) का सुद्दढीकरण किया जायेगा।

# ताजपुर के खेतों में देखा गया तेंदुआ

## वन विभाग ने पिंजरा लगाने की तैयारी की, रेंजर बोले जंगल केट के पग मार्क मिले

**उज्जैन, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर से मात्र 15 किलोमीटर की दुरी पर मक्सी रोड क्षेत्र में स्थित ताजपुर गांव के खेतों पर ग्रामीण पिछले दो तीन दिन से जंगली जीव से भय में हैं। कुछ ग्रामीण युवाओं ने इसे हिम्मत कर देखा और विडियो भी मोबाईल से बना लिया है ओर उनके अनुसार यह तेंदुआ है। वन विभाग को गांव के सरपंच ने सोमवार को इसकी सूचना दी है। विभाग के रेंजर मदन मोरे का कहना है कि हमारी जांच में पग मार्क जंगल केट के मिले हैं। सर्च किया जा रहा है पिंजरे लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद ग्राम पंचायत के सचिव ने वन अधिकारी को क्षेत्र में वन्य जीव होने की सूचना से सोमवार को पत्र देकर अवगत करवाया है। सूचना मिलने के बाद से वन विभाग ने क्षेत्र में सर्चिंग शुरू कर दी और वन रक्षक सहित रेंजर एवं अन्य पहुंचे थे। जहां जहां वन्य जीव देखे जाने की जानकारी सामने आई उन क्षेत्रों एवं खेतों पर जाकर मिट्टी में पग मार्क देखे गए हैं। प्रभारी रेंजर मोरे का कहना है कि जंगल केट के पगमार्क हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों को वन रक्षकों ने पहुंचकर समझाईश दी है कि वे अकेले खेतों पर न जाएं। हाथ में डंडा और टार्च लेकर जाएं। अपने पशुओं को घर के अंदर बाडे में ही बांधे। वन्य जीव के दिखने पर विभाग को सूचना दें।

**पूंछ लंबी,शरीर बडा,तेंदुआ ही है**–ताजपुर सहित तराना एवं मक्सी रोड के गांवों में ताजपुर क्षेत्र के बने दो विडियो जमकर वायरल हो रहे हैं। गेंहु के खेत की और जाते वन्य जीव का यह विडियो वन्य जीव विशेषज्ञों को भेजकर जाना गया तो उनका सीधा कहना था कि विडियो क्लियर नहीं है फिर भी चाल ढाल साफ बता रही है कि तेंदुआ है। पग मार्क के सवाल पर उनका कहना था कि वन्यजीवों को दो तरह के पग मार्क से पहचाना जाता है जिनमें एक डाग पेटर्न होता है और दुसरा केट। तेंदुआ केट प्रजाति से ही देखा जाता है। संभवत: पग मार्क को लेकर और पहचान की आवश्यकता उन्हें हो सकती है। विभागीय स्तर पर उन्हें पुष्टि करने के लिए आधार पूर्ण चाहिए होंगे जो उनके पास अभी नहीं होंगे। विशेषज्ञ के अनुसार विडियो में पूंछ लंबी दिखाई दे रही है। शरीर की साईज लंबी है। विडियो में एक स्थान पर संबंधित जीव नटोरियस स्थिति में पलट रहा है जो तेंदुआ ही है।

**2007 में तेंदुआ, 2019 में बाघ**–उज्जैन में वर्ष 2007 में तत्कालीन कलेक्टर शिवशेखर शुक्ला एवं डीएफओ अर्चना शुक्ला के कार्यकाल के समय जिला मुख्यालय पर तेंदुआ पहुंच गया था। कोठी रोड 5 बंगले में निवासरत सीसीएफ सुधीरकुमार ने उसे सीधे तौर पर आमने सामने देखा था। बाद में तेंदुआ डीआईजी विपिन माहेश्वरी के बंगले के कांच के गेट को तोडकर पास में गाय एवं बछडे के पास जाकर खडे वाहन के नीचे छुप गया था। जहां से उसे बेहोश करने की कवायद की गई थी। वर्ष 2019 में तत्कालीन डीएफओ पीएन मिश्रा के समय में जिले के बडनगर के पास मोलाना गांव के नजदीक बाघ के आने की पुष्टि हुई थी। बाघ के स्टूला मिले थे और पगमार्क भी। वन विभाग ने तत्कालीन स्थिति में नजर रखते हुए बाघ का पीछा किया और उसे रतलाम जिले तक स्वच्छंदता स्थिति में ही रखते हुए रवाना किया था।

**सचिव ने लिखा बाघ आ गया**–ग्राम पंचायत ताजपुर के सरपंच मांगीलाल मालवीय के सचिव ने जो पत्र वन अधिकारी को लिखा उसमें बाघ देखे जाने की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में दहशत है। कोई जनहानि न हो इसे देखते हुए रेस्क्यू कर बाघ को पिंजरे में बंद किया जाए।

ग्रामीणों की सूचना अनुसार रेंजर एवं अन्य कर्मचारियों को सर्चिंग पर लगाया गया है। ग्रामीणों को सतर्कता रखने की जानकारी दी जा रही है। अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं है। आने जाने की स्थिति को देखते हुए पिंजरा लगाया जाएगा।

**डा.किरण बिसेन**
**डीएफओ, उज्जैन**

### भाई, भतीजे पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** झगडे में समझाने गए भाई को भाई, भतीजे ने पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। नरनाई निवासी कैलाश गायरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे भाई शम्भूलाल के साथ बड़े भाई प्रभुलाल ने झगडा किया। मैं समझाने गया तो प्रभुलाल व उसके लडके विशाल ने मिलकर मुझे गालियां दी, मारपीट की व सिर पर लकडी की मार दी। जिससे चोटे आई। पुलिस ने भाई, भतीजे पर प्रकरण दर्ज किया।

### वीडियो बनाने पर पीटा, 5 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक्सरे रिपोर्ट आने के बाद मारपीट के मामले में पुलिस ने 5 केस दर्ज किया। हरमाला निवासी अम्बालाल पिता बंशीलाल बावरी ने बताया गांव हरमाला में नल की पाइप लाइन तोड़ने के बाद देवनारायण मंदिर पर लोग एकत्रित हो रहे थे। मैं वीडियो बनाने लगा तो गांव के नागेश्वर पिता नारायण मोगिया, मोहनसिंह पिता नानूराम, बबलू पिता मोहनसिंह, दीपक पिता नागेश्वर, राहुल पिता मोहनसिंह ने गाली-गलौज की व लट्ठ से पीटा, जिससे कमर व कुल्हे में चोंटे आई। मल्हारगढ़ सरकारी अस्पताल में उपचार के बाद मंदसौर भर्ती कराया। पुलिस ने एक्सरे रिपोर्ट आने के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 325, 294, 506 में केस दर्ज किया।

# 6 दिवसीय महोत्सव के पूर्व यज्ञ शाला में ध्वजारोहण और कलश पूजा की

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश आरोहण और 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ महोत्सव आगामी 20 से 25 जनवरी तक होने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में कालाखेत स्थित दया मंदिर परिसर में वैदिक कालीन स्वरूप में निर्मित अद्भुत व यज्ञ शाला में ध्वजारोहण किया गया साथ ही श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में स्वर्ण कलश जो शिखर पर आरोहित किए जाएंगे उनकी पूजा की गई।आचार्य पंडित देवेंद्र शास्त्री ने विधि विधान से यज्ञशाला में ध्वजारोहण और कलश पूजा की विधि संपन्न कराई।



**भव्य कलश यात्रा की व्यापक तैयारियां**–उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को 6 दिवसीय महोत्सव के शुभारंभ दिवस श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से प्रात: 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकलेगी जिसमें 2100 मातृशक्ति अपने मस्तक पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल होंगी।कलश यात्रा की व्यापक तैयारियां चल रही है। कलश यात्रा का रूट श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, पुन:गांधी चौराहा होकर नेहरू बस स्टैंड, कालिदास मार्ग, आजाद चौक, घंटाघर, शुक्ला चौक, होकर नयापुरा रोड स्थित रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला में संपन्न होगी। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि 21 जनवरी से यज्ञ का शुभारंभ होगा 25 जनवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और विविध आयोजनों के साथ स्वर्ण कलश का आरोहण किया जाएगा।उन्होंने नगर व अंचल वासियों से सपरिवार इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

### जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया । कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बालिका, लाडली लक्ष्मी बालिका, शौर्यदल सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष, सदस्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं शौर्य दल की बालिकाएं उपस्थित रहें।

### काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज भवन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के तत्वावधान में भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर साहित्यिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। आर्य समाज प्रधान सत्येन्द्र आर्य, अम्बालाल विश्वकर्मा, दिलीप चावडा, सुनील राठौर, वेदप्रकाश आर्य, देवीलाल माली, रामचन्द्र आर्य, रामगोपाल आर्य, नरेश आर्य, वेदप्रकाश आर्य आदि ने भाग लिया।

# 25 गांवो में राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन कल

**नीमच, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 18 जनवरी 2024 गुरुवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 25 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाया जाएगा। इस अभियान के तहत नीमच नगर तहसील के जागोली,सगराना, कुमारिया विरान, नीमच ग्रामीण तहसील के सेमलीचंद्रावत, हासपुरा, रेवली-देवली, बरखेडाहाडा, जीरन तहसील के गाँव अघोरिया , पावडाकला जावद तहसील के रूपपुरा, गोठा , बांगरेड ,आम्बा (रतनगढ), मनासा तहसील के अचलपुरा, अखेपुर, कुण्डालियाबुजुर्ग, दुधवा, कुकड़ेश्वर केगाँव भागल और रूपपुरा ब्लाक , सिंगोली तहसील के पटियाल, लाडपुरा , रतनगढ तह्सील के गांव जैतपुरा ,ग्वालियरखुर्द रामपुरा तहसील के गाँव देवरान और जन्नौद में राजस्वप सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकाधिक ग्रामीणों से इन राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया हैं उन्होंने ने सम्बन्धित राजस्व अधिकारियो और पटवारियों को निर्देश दिए है की वे कोटवार के माध्यम से सम्बन्धित गाँव में शिविरों की सूचना ग्रामीणों और किसानो को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।

### दलौदा स्वास्थ्य केंद्र पर चार अधिकारी व एक वार्डबाय की लगाई ड्यूटी

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर द्वारा शुभारंभ के 5 साल बाद भी दलोदा के स्वास्थ्य केंद पर लगा है ताला के संबंध में बताया कि स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण वर्ष 2018 में किया गया था परंतु उसके पश्चांत स्वास्थ्य केंद्र हेतु राज्य स्तनर से अधिकारियों की पदस्थापना नहीं कि गई। दलोदा स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अभिषेक घोडावल मेडिकल आफिसर, श्रीमती कृष्णाल मालवीय कम्युईनिटी हेल्थ ऑफिसर, श्रीमती सी.के. चौहान ए.एन.एम, श्री कृष्णपालसिंह सिसोदिया मेडिकल ऑफिसर एवं श्री दशरथ करवरीया वार्डबाय की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दलोदा चौपाटी में ड्युटी लगाई गई है।

### श्री गोवर्धन नाथ मंदिर में 22 को दीपक उत्सव के विशेष दर्शन होंगे

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री गोवर्धननाथ मंदिर जीवागंज में 22 जनवरी सोमवार को सायंकाल 6:30 बजे दीपोत्सव के विशेष दर्शन होंगे। विश्व हिंदू परिषद को इस विशेष मनोरथ के लाभार्थी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

**जगदीश मंदिर में होगा दीपोत्सव**–22 जनवरी को अयोध्या जी में श्री राम लला के मंदिर शुभारंभ के उपलक्ष्य सायंकाल 6:00 बजे दीपोत्सव के विशेष दर्शन होंगे। समूचे मंदिर परिसर को विद्युत रोशनी से सुसज्जित किया जाएगा। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जगदीश मन्दिर पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा सचिव सुरेन्द्र त्रिवेदी और कोषाध्यक्ष जगदीश शर्मा ने नगर वासियों और स्वजाति बंधुओं से दीपोत्सव दर्शन का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# जनसुनवाई में 55 आवेदन आए

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 55 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/शिकायत/मांग/आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।



# कलेक्टर ने पशुपतिनाथ से किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

**मंदसौर, 16 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के लिए जिले में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, मंदसौर एसडीएम सहित सभी जिलाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री यादव एवं सभी जिलाधिकारी ने पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सफाई की गई। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में सभी मंदिरों में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। रंग एवं लाइट की व्यवस्था की जा रही है। जिले में जगह-जगह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। 22 जनवरी को जिले के सभी मंदिरों पर आयोजन होंगे। एलईडी के माध्यम से भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दिखाया जाएगा। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में 51 हजार दिए जलाए जाएंगे।




# कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/26/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-05.01.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक सांवलिया कंस्ट्रक्शन, प्रो. नेपालसिंह पिता मोड़सिंह निवासी पावटी, तह. गरोठ, जिला मंदसौर द्वारा केशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 29.12.2023 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 09.02.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

## आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | गरोठ | पावटी | 2621 | 3.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम.सेंड (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.02.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्य तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा, जिला मंदसौर म.प्र.

G-22928/23


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in